WARNING SIGNS FOR HEART DISEASE AND STROKES
दिल की बीमारी और पाक्षाघात के चेतावनी के चिन्ह
(Hindi Version)

दिल के अचानक बन्द होने के चेतावनी चिन्ह

- दबाव,दर्द या छाती के बीच भरे हुए होने का अहसास जो कुछ क्षण के लिए रहे या चला जाए और फिर वापिस आ जाए ।
- दर्द या असुविधा एक हाथ में या दोनो हाथों,कमर गर्दन,जब.डे या पेट में ।
- श्वास लेने में कठिनाई पहले या छाती के बीच व्याकुलता का अहसास
- ठंडा पसीना,उल्टी या चक्कर

दिल के अचानक बंद होने के लक्षण

- अचानक अनुक्रिया का खोना,धीरे से हिलाने पर कोई उत्तर नहीं देना ।
- श्वासगति साधारण नहीं ।वह व्यक्ति कई क्षणों के लिए श्वास नहीं लेता ।
- रक्त के दोरे का कोई संकेत नहीं । गति स्पंदन या खाँसना नहीं ।

आपातकालीन चिकित्सा को प्राप्त करने के लिए 911 को कॉल करें । दिल और फेफडों को पुर्नजीवित करने की प्रकिया तुरन्त प्रारम्भ कर दें ।यदि दिल को पुर्नजीवित करने वाली बिजली की मशीन वहाँ मिल सकती है और कोई पास में है जो प्रयोग करने में प्रशिक्षित है उसको सहायता के लिए कहें ।

पक्षाघात के चेतावनी के चिन्ह

- अचानक मुँह,हाथ या पैर में सुन्नता या कमजोरी,खासतौर से अगर शरीर के एक तरफ ।
- अचानक घबराहट,बोलने या समझने में कठनाई
- अचानक देखने में कठनाई एक आँख या दोनों आँखों से
- अचानक चलने में कठनाई,चक्कर के कारण सन्तुलन या समन्वय का खोना
- सिर में तेज दर्द अनजान कारण से

अन्य कम चेतावनी के चिन्ह :

- जिसमें अचानक मचली, बुखार या उल्टी
- चेतना का अल्पकालीन खोना या चेतना का कुछ समय के लिए कम होना ।बेहोशी,घबराहट, मासपेशियों का सकुंचन या ऐंठना या शिथिलता

आकस्मिक चिकित्सा सम्बन्धी ईलाज प्राप्त करने के लिए 911 को कॉल करें ,अगर आप या आप के पास कोई इनमें से किन्ही लक्षणों से प्रभावित है । अगर जल्दी से ईलाज मिलें तो अधिक प्रभावकारी है ।

Illinois Heart Disease and Stroke Prevention Program
Illinois Department of Public Health, 535 W. Jefferson St., Springfield, IL 62761
217/782-3300 TTY 800/547-0466 www.idph.state.us

इलिर्नाय हार्ट डिसीझ अेन्ड स्ट्रोक प्रीवेन्सन प्रौग्राम
इलिर्नाय डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हेल्थ, ५३५ वेस्ट जेफरसन स्ट्रीट स्प्रीगफिल्ड, इलिर्नाय-६२७६१